सफलता | सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप

# समिधा यादव ने जीता कांस्य पदक



**नवभारत,जबलपुर ।** 5वीं सबजूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 22 से 29 जून तक एलपीयू यूनिवर्सिटी जालंधर (पंजाब) में आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर की बालिका समिधा यादव ने 67 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और नगर का नाम रोशन किया।

सब जूनियर बॉक्सिंग 67 केजी में समिधा यादव ने प्री-क्वार्टर फाइनल में केरल की खिलाड़ी को हराया। क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी को दूसरे राउंड में आरएससी कर अगले राउंड में प्रवेश किया और सेमीफाइनल में वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### इन्होंने दी बधाई

समिधा वर्तमान में रानीताल बॉक्सिंग सेंटर और खेलो इंडिया स्माल सेंटर में परमजीत सिंह (विक्रम अवॉर्डी) और नूपुर पाण्डे (खेलो इंडिया कोच) से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस उपलब्धि प्रति दिग्विजय सिंह, सचिव मध्य प्रदेश ओलिम्पिक संघ, जिला खेल ओर युवा कल्याण अधिकारी आशीष पांडे, अध्यक्ष मध्य प्रदेश मुक्केबाजी संजय सेठ, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम अवॉर्डी, साई खेल प्रशासक दुर्गेश नंदिनी ने हर्ष व्यक्त किया।

## डूबने से युवक की मौत एसडीईआरएफ ने निकाला शव

**बम्हनी बंजर।** बम्हनी थाना क्षेत्र के मुर्गाटोला धुआंधार जलाशय में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर एसडीईआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जलाशय से शव बाहर निकाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भडिया निवासी हीरा उडाली (26) गुरुवार को मछली पकडने के लिए मुर्गाटोला धुआंधार जलाशय गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। गुरुवार शाम अंधेरा होने और लगातार बारिश के कारण रेस्क्यू अभियान प्रभावी ढंग से नहीं चलाया जा सका। इसके बाद शुक्रवार सुबह पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने दोबारा तलाश अभियान शुरू किया। करीब दोपहर 12 बजे एसडीईआरएफ की टीम ने युवक का शव जलाशय से बाहर निकाला। रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व हवलदार कोमल सिंह ने किया, जबकि एसडीईआरएफ एवं डीआरसी के जवानों ने अभियान में सहयोग किया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप दिया गया।



# पूर्व क्षेत्र में संविदा कर्मचारियों को मिलेगा ग्रेच्युटी लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने 'संविदा सेवा नियम 2023' लागू कर दिया है, जिससे अब संविदा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुरूप ग्रेच्युटी का भुगतान हो सकेगा। 1 अगस्त 2023 या उसके बाद प्रभावी अनुबंध वाले संविदा कर्मियों और उनके आश्रितों को सेवा पूर्ण होने या सेवा के दौरान मृत्यु होने पर यह लाभ मिलेगा। इस नीति के तहत, ग्रेच्युटी की पात्रता के लिए आवश्यक न्यूनतम पांच वर्ष की निरंतर सेवा की गणना में संशोधित नियम, 2018 के अंतर्गत दो अनुबंधों के बीच आए तकनीकी अंतराल को सेवा में व्यवधान नहीं माना जाएगा। इस अंतराल की अवधि को छोड़कर शेष सेवा अवधि को निरंतर सेवा में शामिल किया जाएगा। इस नीति से कर्मचारियों को ग्रेच्युटी के साथ-साथ अन्य अनुषंगी सुविधाएं भी नियमित बिजली कर्मचारियों के अनुसार मिल सकेंगी।

### पश्चिम क्षेत्र में भी नीति लागू करने की मांग

मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक ने इस आदेश को जारी करने के लिए कंपनी के प्रबंध संचालक और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक, यू. के. पाठक, दिनेश दुबे, उमाशंकर दुबे, सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा, अनूप वर्मा, केदारनाथ अग्निहोत्री, अवनीश तिवारी, विमल महापात्र, मोहित पटेल, योगेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, मोहन श्रीवास, योगेश डोंगरे, राजेश मिश्रा, मनोज पाठक, दीपक मेमने, सुधीर मिश्रा, संजय सिंह, दिलीप पाठक और दयाशंकर द्विवेदी ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से माँग की है कि वहां भी संविदा नीति 2023 को लागू करने का आदेश शीघ्र जारी किया जाए। फेडरेशन ने शासन और ऊर्जा विभाग से अनुरोध किया है कि 15 वर्षों से कार्यरत सभी संविदा कर्मियों को बिना शर्त नियमित व संविलियन कर उनका भविष्य सुरक्षित किया जाए, तथा आउटसोर्स कार्मिकों को भर्ती में 50 प्रतिशत का आरक्षण देकर नियमित किया जाए।

# मानदेय में देरी पर कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत, जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों को मानदेय भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। भुगतान के लिए दो से तीन महीनों के इंतजार के बाद महज एक माह का भुगतान किया जाता है और उनके ऊपर लगातार नए-नए आदेशों की भरमार लादकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। वर्तमान में कर्मचारियों से उनके वेतन भुगतान और पे-डाटा के लिए तीन अलग-अलग प्रपत्र मांगे जा रहे हैं, जिन्हें विभिन्न अधिकारियों से सत्यापित कराने के लिए कर्मचारियों को विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों को 'सार्थक ऐप' पर भी उपस्थिति दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं, जबकि वे नियमित या संविदा कर्मचारी नहीं हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इन सभी विसंगतियों से आउटसोर्स कर्मचारी अत्यंत परेशान और मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं, इसलिए इस तरह के नियमों को तत्काल हटाया जाना चाहिए।

### समय पर मानदेय भुगतान की उठी मांग

कर्मचारी संघ मांग कर रहा है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर मानदेय भुगतान प्रदान किया जाए एवं पे-डाटा एक ही प्रपत्र में मांगकर एक ही अधिकारी से हस्ताक्षरित एवं प्रमाणित कराया जाए। इन मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर संघ आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, वीरेन्द्र चंदेल, एस.पी. बाथरे, रजनीश पाण्डे, सतीश उपाध्याय, दालचंद पासी, अजय दुबे, दिलराज झारिया, राकेश वर्मा, शैलेन्द्र गौतम, के.पी. पाठक, सतीश देशमुख, निशांक तिवारी, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, अमित पटेल, विशाल मसीह और मनोहर रजक ने ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की हितैषी मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है।

# उपार्जन में गड़बड़ी करने वालें को तुरंत दें नोटिस,राजसात की भी कार्रवाई होगी

▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में उपार्जन समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत,जबलपुर ।** उपार्जन में अनियमितता एवं गड़बड़ी की शिकायतों पर की गई जांच की कार्यवाही मामले में समितियों और गोदामों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं। नोटिस जारी करने में विलम्ब न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। ऐसी समितियों और गोदामों को मिलने वाली प्रासांगिक व्यय, कमीशन और किराये की राशि को राजसात करने की तथा आरआरसी जारी कर अर्थदंड की वसूली की कार्यवाही हो ।यह बातें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की ने शुक्रवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक लेते हुए कहीं। पिछले दो वर्षों के दौरान पाटन, मझौली, कुंडम और पनागर के कुछ खरीदी केन्द्रों पर गेहूं और धान के उपार्जन में हुई अनियमितताओं के कारण किसानों को भुगतान में आ रही कठिनाईयों को दूर करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि उपार्जन में अनियमितता करने वाली समितियों एवं गोदामों में जांच और सत्यापन के दौरान उपलब्ध पाई गई गेहूं और धान की मात्रा के आधार पर शासन से मिलने वाली राशि तथा इन समितियों और गोदामों को दी जाने वाले प्रासांगिक व्यय, कमीशन और किराये को राजसात करने से प्राप्त होने वाली राशि को मिलाकर शेष रह गये किसानों को भुगतान किया जाये। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, एसडीएम कुंडम प्रगति गणवीर तथा खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारी मौजूद थे।

# जीवन-दर्शन, चिंतन और संघर्ष लोक-कल्याण के लिए रहा प्रेरणास्रोत : सांसद

▶ स्व. जवाहरलाल दर्डा की जयंती पर पुष्पांजलि एवं अलंकरण समारोह आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर पत्रकार एवं लोकमत पत्र समूह के संस्थापक स्वर्गीय जवाहरलाल दर्डा बाबूजी का जीवन-दर्शन, चिंतन और संघर्ष लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। यह बात सांसद आशीष दुबे ने कही। स्व. जवाहरलाल दर्डा बाबूजी की जयंती पर 2 जुलाई को शहीद स्मारक स्थित सेठ गोविंद दास रंगमंच में पुष्पांजलि एवं सम्मान अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। सांसद आशीष दुबे मुख्य अतिथि रहे। विधायक अशोक रोहाणी, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज तथा लोकमत पत्र समूह के वाइस प्रेसिडेंट एसएस खरे मंचासीन थे।

नवरंग कथक कला केंद्र ने निर्देशक मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का सम्मान एसएस खरे, संजय परौहा, अजीत दुबे एवं डॉ. वंदना परौहा ने किया। समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से चैतन्य भट्ट और प्रतुल श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संजीव चौधरी व परितोष वर्मा, शरद पाठक, बृजेश मिश्रा व डॉ. ओके राजगोपालाचार्य, डॉ. शिवकुमार व्यास, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. अमिता तिवारी, विनीता सोनी व सुश्री सरोज पिल्लई, अनंतराम चौबे को भी सम्मानित किया गया । संस्था सम्मान चेम्बर ऑफ कॉमर्स जबलपुर, गढ़ा रामलीला समिति और अग्रवाल सभा जबलपुर को प्रदान किया गया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आशुतोष तिवारी ने किया।

# हाईटेंशन लाइन का खंभा तिरछा होकर गिरने की कगार पर आया , टला बड़ा हादसा

▶ तत्काल किया गया ब्लैकआउट मची अफरा-तफरी



**नवभारत,जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत झंडा चौक पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे व्यस्ततम रहने वाले इस चौराहे पर अचानक हाईटेंशन विद्युत लाइन का खंभा तिरछा होकर आधा गिर गया। गनीमत यह रही कि खंबा जमीन से उखड़ कर तिरछा होकर बीच में अटक गया था जो सड़क पर नहीं गिर पाया था। जिससे इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हादसे से मौक पर अफरा-तफरी मच गई थी । सुरक्षा के मद्देनजर ब्लैकआउट कर तुरंत बिजली स प्लाई बंद कर दी गई थी ।

ग्वारीघाट थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि रात्रि 11 बजे बारिश और हवाओं के दौरान झंडा चौक में खंभा आधा तिरछा होकर गिरने की कगार पर आ गया था। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर मोर्चा संभाल लिया। संभावित खतरे को भांपते हुए पुलिस ने तुरंत ही दोनों ओर से आने-जाने वाले राहगीरों और वाहनों को रोक दिया। हादसे के फौरन बाद पुलिस ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई को तत्काल प्रभाव से बंद (ब्लैकआउट) कर दिया गया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम उपकरणों के साथ मौके पर पहुंच गई।

### देर रात तक चलता रहा सुधार कार्य

थाना प्रभारी के अनुसार, बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा खंभे को दुरुस्त करने और तारों को व्यवस्थित करने का काम शुरू किया गया, जो समाचार लिखे जाने तक देर रात तक जारी रहा। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका पता लगाया जा रहा है ।

# साइबर सुरक्षा : नागरिकों को किया जागरूक, दिलाई शपथ



**नवभारत,जबलपुर।** साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के नए-नए तरीकों के प्रति जागरूक करने के लिए 15 दिवसीय विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा साइबर ठगी से से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक करने के साथ उन्हें शपथ दिलाई जा रही है । एएसपी शहर आयुष जाखड़ , एएसपी ग्रामीण श्रीमति अनु बेनिवाल, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी जोन-4 सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के मार्ग निर्देशन में अभियान तहत बैनर पोस्टर लगाकर, पंपलेट वितरित करते हुये लोगों को एकत्रित समझाईश देते हुये जागरूक किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक सायबर अंजुल अयंक मिश्रा के नेतृत्व में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय मेंएएसपी आयुष जाखड़ द्वारा कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों को सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई एवं सायबर सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध करने हेतु सायबर शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में करीब 150 अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस लाईन का बल उपस्थित रहा।

आरोप | समय से पहले काम खत्म करने की होड़ में गुणवत्ता भूली कंपनी, 20 दिन पहले बनी सड़क हाथों से उखड़ी, ग्रामीणों में रोष

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जनमन योजना



**नवभारत, उदयपुर।** केंद्र व राज्य सरकार आदिवासियों और सुदूर ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भले ही करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही हो, लेकिन विभागीय अफसरों की सुस्ती और ठेकेदारों की मनमानी के कारण ये योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। ताजा मामला बीजाडांडी जनपद के अंतर्गत जमुनिया पंचायत के पोषक ग्राम डोभी में सामने आया है। यहाँ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जनमन योजना के तहत बनी एक नई सड़क निर्माण के महज 20 दिनों के भीतर ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है। घटिया निर्माण कार्य को देखकर ग्रामीणों में प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी अनुसार नेशनल हाइवे 30 से डोभी बैगा मोहल्ला तक लगभग 1.52 किलोमीटर की इस सड़क का निर्माण मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना इकाई मंडला के तत्वावधान में कराया गया है। इस कार्य की स्वीकृत राशि 87.87 लाख रुपये थी। विभाग द्वारा इस सड़क निर्माण का जिम्मा मेसर्स वर्धमान ग्लोबल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड मंडला को सौंपा गया था। अनुबंध के तहत ठेकेदार को यह काम 31 अक्टूबर 2025 से शुरू कर 30 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण करना था।

**हाथों से उखड़ रहा डामर, भारी वाहनों के आते ही धंसने का खतरा :** ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य ठेकेदार कंपनी ने खुद काम न कराकर इसे पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर किसी अन्य पेटी ठेकेदार को सौंप दिया। समय सीमा से करीब चार महीने पहले ही आनन-फानन में सड़क का निर्माण तो पूरा कर लिया गया, लेकिन गुणवत्ता को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से इस मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। सालों के लंबे इंतजार के बाद जब सड़क बनी, तो उसकी हालत देखकर हर कोई दंग है। सड़क को बने अभी महीने भर भी नहीं बीता है और डामर की परतें हाथों से उखड़ने लगी हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में न तो सही मात्रा में मटेरियल का उपयोग किया गया है और न ही मानकों का ध्यान रखा गया है। बेहद निम्न दर्जे के डामर का इस्तेमाल किया गया है। स्थिति यह है कि यदि इस मार्ग से एक भी ओवर लोडेड वाहन गुजर जाए, तो पूरी सड़क मलबे में तब्दील होकर धंस जाएगी।

### खेतों की तर्ज पर डाल दीं पुलिया

ठेकेदार की लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण सड़क पर बनाई गई पुलियाओं में देखने को मिला है। इस 1.52 किलोमीटर के टुकड़े में एक बड़ी पुलिया के साथ 4 से 5 जगहों पर कल्वर्ट (पाइप पुलिया) डाले गए हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि पूरी सड़क बनने के बाद ठेकेदार ने इसे दोबारा खोदकर पाइप डाले और ऊपर से केवल मिट्टी डाल दी। इस निर्माण में न तो कोई कांक्रीट बेस तैयार किया गया और न ही विंग वॉल बनाई गई। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह किसान अपने खेतों की मेढ़ को जोड़ने के लिए अस्थाई पाइप डालते हैं, ठीक उसी तर्ज पर यहाँ भी पाइप डाल दिए गए हैं।

# प्रशासनिक फेरबदल, अफसरों के बीच कार्य विभाजन

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में प्रशासनिक कामकाज को और अधिक चुस्त-दुरुस्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन कर दिया है । इस नए आदेश के तहत जिले के अंतर्गत आने वाले तहसीलदारों, अतिरिक्त तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्रों में बड़ा बदलाव किया गया है। अधिकारियों को राजस्व न्यायालयीन कार्यों के साथ-साथ कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। फेरबदल में गौरव कुमार पाण्डे प्रभारी तहसीलदार को मुख्यालय तहसीलदार एवं कार्यालय प्रमुख नियुक्त किया गया है। इनके पास जिले की सभी तहसीलों के राजस्व और भू-संसाधन प्रबंधन की मॉनिटरिंग और समीक्षा की अहम जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा श्रीमती स्मृति खण्डेलवाल प्रभारी तहसीलदार को मुख्यालय अतिरिक्त तहसीलदार और सहायक सत्कार अधिकारी का प्रभार दिया गया है, जो सत्कार शाखा का कामकाज संभालेंगी। गोरखपुर क्षेत्र के राजस्व और कानून-व्यवस्था के कामकाज को संभालने के लिए अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर के लिए राजेन्द्र शुक्ला (प्रभारी तहसीलदार, कार्यालय प्रमुख एवं को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं न्यायालय अतिरिक्त और नायब तहसीलदार के रूप में ललित ग्वालवंशी नायब तहसीलदार कार्य संभालेंगे। कानून-व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए विकास चंद जैन प्रभारी तहसीलदार और भरत कुमार सोनी नायब तहसीलदार को तैनात किया गया है। इसके अलावा रांझी तहसील में न्यायालयीन कार्यों के संचालन के लिए पदस्थ किया गया है। गोरेलाल मरावी प्रभारी नायब तहसीलदार रांझी क्षेत्र में गैर-न्यायालयीन और मजिस्ट्रेट से जुड़े कार्यों की कमान संभालेंगे।

## बिना चालक के चल पड़ी बस

**मंडला।** शहर के प्राइवेट बस स्टैंड पर गुरुवार रात करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां खड़ी एक बस अचानक बिना चालक के चल पड़ी और अनियंत्रित होकर सामने खड़े एक हाथ-ठेले से टकरा गई। घटना से बस स्टैंड परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस स्टैंड पर खड़ी बस अचानक आगे बढने लगी। उस समय बस में कोई चालक मौजूद नहीं था और बस खाली थी। कुछ ही क्षणों में बस ने रफ्तार पकड़ ली और सामने खड़े हाथ-ठेले से जा टकराई।

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म. प्र.)

### द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID- 2026_UAD_519213_1 PRO- 360 Date- 03/07/2026 | संभाग के 01 गढ़ा वीर दुगार्दास राठौर वार्ड अंतर्गत जसूजा सिटी फेस-3 के आस पास के क्षेत्रों मे नाली निर्माण कार्य । | 25.83 लाख तीन माह | 5000/- 19400/- | 19.07.2026 |
| 2 | Tender ID- 2026_UAD_519213_1 PRO- 360 Date- 03/07/2026 | संभाग के 01 गढ़ा वीर दुगार्दास राठौर वार्ड अंतर्गत जसूजा सिटी फेस - 01 एवं मंहत मेन्सन के पास सड़क निर्माण कार्य । | 22.48 लाख तीन माह | 5000/- 16900/- | 19.07.2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**